आकाशवाणी शिमला

05.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

राज्यसभा नामांकन

कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा ने आज प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट पर होने वाले चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने विधानसभा सचिव के समक्ष नामांकन पत्र भरा और इस मौके पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्रिमंडल के सदस्य और कांग्रेस विधायक मौजूद रहे। प्रदेश से राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल 9 अप्रैल को समाप्त हो रहा है और इस सीट को भरने के लिए ये चुनाव करवाया जा रहा है। नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन था। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी और 9 मार्च को नाम वापिस लेने की अंतिम तिथि है, जबकि मतदान की तारीख 16 मार्च को निर्धारित है। विपक्षी दल भाजपा ने इस बार राज्यसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है और ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी अनुराग शर्मा का चयन तय माना जा रहा है।

सीएम–अनुराग

इस बीच पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अनुराग शर्मा को राज्यसभा के चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी हाईकमान का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अनुराग शर्मा कांगड़ा जिला कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं और उन्हें टिकट मिलने से सभी कार्यकर्ता खुश हैं।

भाजपा द्वारा उम्मीदवार न उतारने पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के 40 निष्ठावान विधायक हैं। ऐसे में यदि भाजपा अपना उम्मीदवार उतारती तो उसकी हार तय थी।

अनुराग शर्मा ने कहा कि वे हर मंच पर प्रदेश हित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे राज्यसभा में आर.डी.जी. और मनरेगा जैसे मुद्दों को पुरजोर ढंग से उठाएंगे।

डिजास्टर एक्ट

प्रदेश में डिजास्टर एक्ट के हटने के साथ ही पंचायती राज चुनावों का रास्ता साफ हो गया है। राज्य सरकार ने डिजास्टर एक्ट को हटाने को लेकर आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने प्रदेश में पिछले वर्ष 8 अक्तूबर को डिजास्टर एक्ट लागू किया था, जिसके चलते पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को भी टाल दिया गया था। राज्य सरकार ने प्रदेश के अधिकांश भागों में कनैक्टिविटी बहाल होने के बाद डिजास्टर एक्ट को हटाने का निर्णय लिया है।

मेरा युवा भारत– पंजीकरण

केंद्रीय युवा कार्य और खेल मंत्रालय ने कहा है कि मेरा युवा भारत बजट प्रतियोगिता 2026 को देशभर के युवाओं से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। इस पहल के दूसरे चरण में लगभग 47 हजार निबंध जमा किए गए हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा नागरिकों को केंद्रीय बजट से जुड़ने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना के लिए अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करना है। मंत्रालय ने कहा कि विजेताओं को 15 मार्च से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने बजट संबंधी विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। पहले चरण में, एक राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 12 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया।

स्कीइंग

लाहौल स्पीति जिले में शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए एलिमेंट्री स्कीइंग कोर्स आज से शुरू हो गया है। ये कोर्स त्रिलोकनाथ मंदिर के समीप शुरू हुआ जो 11 मार्च तक चलेगा। इसका आयोजन विंटर गेम्स और एलाइड स्पोर्टस एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिभागियों को स्कीइंग की बुनियादी तकनीक संतुलन बनाए रखने के तरीके और बर्फ में सुरक्षित स्कीइंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजकों ने साहसिक खेलों में रूचि रखने वाले सभी युवाओं से इस कोर्स में भाग लेने की अपील की है।